सार-समाचार

## कूडो प्रति. में अच्छा प्रदर्शन किया

**भीनमाल**, (निसं)। राज्य स्तरीय कूडो प्रतियोगिता का आयोजन उदयपुर में किया गया। जिसमें जिले के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपना दम-खम दिखाया। राजस्थान राज्य कूडो संघ के प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि हनुवंत राजपुरोहित को कूडो में राज्य का बेस्ट फाइटर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कूडो इंडिया हेड हंसी मेहुल वोरा, राजस्थान कूडो हेड शिहान राजकुमार मनारिया, कैबिनेट मंत्री जोगेश्वर गर्ग द्वारा अंतर्राष्ट ीय यूरेशियन कप के लिए चयनित जालोर के खिलाडियों को राज्य स्तर पर सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गई । जिले के खिलाडियों ने राज्य स्तरीय पर कूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर कीर्तिमान स्थापित किया। इसी क्रम में जिले के खिलाडियों ने 8 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिसमें स्वर्ण पदक विजेता गुंजन सोढा, हनुवंत राजपुरोहित, विधि राजकंवर, राहुल कुमार, विनीता कुमारी, अक्षिता सिंह, रोनित कुमार, धनुश्री सोलंकी, देवेश कुमार रहे। रजत पदक शक्तिसिंह, रणवीर राजपुरोहित तथा विपुल सिंह ने जीता। यह सभी खिलाडी स्थानीय ज्वाला मिक्सड मार्शल आर्ट एकेडमी में नियमित जिला कूडो संघ के अध्यक्ष व जिले के हेड कोच सेंसेई किशोर प्रजापति की देख रेख में अभ्यासरत है। इस प्रतियोगिता में कुल 12 खिलाडियों ने भाग लिया था। अब यह खिलाडी 5 से 11 नवंबर तक को गुजरात में राष्टीय कूडो प्रतियोगिता व अक्षय कुमार अंतर्राष्टीय प्रतियोगिता सूरत में अपना दमखम दिखाएंगे।

## इन्वेस्टमेंट समिट का कार्यक्रम होगा

**सांचोर**, (निसं)। राजस्थान राइजिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के तहत सांचोर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नवंबर माह में होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर सांचौर शक्ति सिंह राठौड की अध्यक्षता में सोमवार को पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों के लिए समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम के अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संग्रामाराम देवासी ने बताया कि जिला प्रशासन, उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र कार्यालय एवं रीको के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नवंबर माह में सांचौर शहर स्थित कौशल इंटरनेशनल होटल में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित होने वाले राजस्थान राइजिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 कार्यक्रम में उद्यमियों को राज्य सरकार की उद्योगों से संबंधित योजनाओं के संबंध में जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्हें जिले में उद्योग लगाने के लिए उपलब्ध संसाधनों के बारे में अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांचौर जिले में सोलर प्रोजेक्ट, एग्रो यूनिट एवं होटल इंडस्ट्री आदि में निवेश के लिए उद्यमी आगे आ रहे हैं तथा जिले के प्रवासी उद्यमियों को भी जिला स्तरीय कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया जा रहा हैं। इस अवसर पर सांचौर उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार, रीको के उप महाप्रबंधक सुभाष गर्ग, अधिकारी कार्मिक सहित बडी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे।

## गुड़ामालानी में विज्ञान मेला आयोजित

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुड़ामालानी मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में तीन दिवसीय समग्र शिक्षा एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर के तत्वावधान में 51 वां जिला स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रधान बिजलाराम चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी जेतमालसिह राठौड, पीईईओ विक्रम सिंह,व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन,प्रधानाचार्य देदाराम पारंगी, प्रधानाचार्य हितेंद्र सिंह चौहान, रतनपुरा विधालय प्रधानाचार्य वेहनाराम सोनगरा, अचलाराम बोस के सानिध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रधान बिजलाराम चौहान एवं अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षा अधिकारी जेतमालसिह राठौड ने कहा कि ऐसे मेले लगने से बच्चों को शिक्षा के साथ विज्ञान कि जानकारी मिलती है । पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्शों एवं उनके द्वारा किए गए कार्य कि सिख लेते हुए आप भी उच्च स्तर पर पहुंचने कि बात कही । नगर विधालय के प्रधानाचार्य देदाराम पारंगी ने कहा कि समय किसी का इंतजार नहीं करता समय को देखकर चलने वाला ही इंसान आगे बढता है । कार्यक्रम का मंच संचालन बंसीलाल चौधरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अशोक सिंह राजावत, खिमसिह नगर,आरपी नरपत परमार,मदनसिंह जाखड,हिन्दूंसिह इद्रोई, प्रधानाचार्य मोहनलाल विश्नोई, मोहनलाल गोयल, वरिष्ठ सहायक अर्जुन दहिया, महेन्द्र राजपुरोहित, मदनलाल सैन सहित विभागीय अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 31 ग्राम एम.डी. सहित दो जने पकड़े

**बाड़मेर**, (निसं)। बाड़मेर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थो की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान "भौकाल" के तहत जिला डीएसटी टीम व थाना कोतवाली टीम द्वारा बडी कार्यवाही करते हुए 2 आरोपियो को दस्तयाब कर 31 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि डीएसटी व थाना कोतवाली टीम द्वारा सार्वजनिक शमशान घाट मे मोटरसाईकल पर सवार 2 युवको विक्रम कुमार पुत्र डुगराराम जाति माली निवासी शिव व रामचन्द्र पुत्र चैनाराम जाति जाट निवासी भीमडा को गिरफ्तार किया गया है। विक्रम कुमार की तलाशी लेने पर उसके पास 20 ग्राम एमडी पाई गई। वही रामचन्द्र की तलाशी लेने पर उसके पास 11 ग्राम एमडी पाई गई। दोनो युवको के कब्जे से कुल 31 ग्राम एमडी व मोटरसाईकल को जब्त किया गया। पूछताछ पर मादक पदार्थ भागीरथराम मेघवाल निवासी भीमडा व रामपाल विश्नोई से खरीदना बताया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ सप्लायर भागीरथराम पुत्र लुणाराम जाति मेगवाल निवासी भीमडा को गिरफ्तार किया गया।मादक पदार्थ सप्लायर रामपाल विश्नोई की तलाश की जा रही है। कार्वाई में डीएसटी टीम के कांस्टेबल मालाराम की विशेष भूमिका रही है। पुलिस थाना कोतवाली पर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

## कर्मचारियों ने मौन सत्याग्रह किया

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा-शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ जिला शाखा बालोतरा के कार्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर सांकेतिक मौन सत्याग्रह किया गया। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र गहलोत ने बताया कि शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ द्वारा आज भोजनावकाश के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर अधिकारी कर्मचारीयों की रिव्यू-नियमित डीपीसी, हाल ही में राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल में मंत्रालयिक संवर्ग के पदों पर शैक्षिक स्टाफ की प्रतिनियुक्ति एक वर्ष के लिए कर दी गई है। इससे कार्यालय में कार्य पद्धति एवं शिक्षा के अधिकार का खुला उल्लंघन किया जा रहा है इसके परिणाम स्वरुप शिक्षा विभाग में अव्यवस्थाएं होने की संभावना है दूसरी तरफ शिक्षा विभाग के शिक्षा सेवा वर्ग के अधिकारीयों की डीपीसी एवं अन्य विभागों में मंत्रालयिक संवर्ग की रिव्यू नियमित डीपीसी हो रही है। परंतु शिक्षा विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों अधिकारियों की डीपीसी नहीं की जा रही है। इससे शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारीयों में रोष व्याप्त हो रहा है। वे ठगा सा महसूस कर रहे हैं। विभाग की प्रमुख कडी मंत्रालयिक संवर्ग को सरकार का ध्यान आकर्षण करने के लिए मौन सत्याग्रह करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी मेहराराम सरपटा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रंकज गुप्ता, सहायक प्रशासनिक अधिकारी दिनेश खारवाल ,वरिष्ठ सहायक हडमताराम, मनोहरलाल, कनिष्ठ सहायक गिरीश शर्मा, चेतन डांगी,अरुण गहलोत, रेखा देवी आदि उपस्थित रहे।

## बाल सुरक्षा के संबंध में चर्चा की

**जोधपुर**, (कासं)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में सोमवार को विद्यार्थियों के लिए बाल अपराध एवं बाल यौन शोषण के विरुद्ध सुरक्षा के विषय में सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने बताया कि जोधपुर स्थित साइबर अपराध शाखा के सहायक उप निरीक्षक अमानाराम ने विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ के रूप में जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को सजग और जागरूक रहने की सीख दी। प्राचार्य ने अतिथि वक्ता के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डॉ. महेंद्र भंसाली अध्यक्ष बने

**जोधपुर**, (कासं)। पृथ्वीराज नगर विकास समिति के त्रिवार्षिक (2024-27) निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी आईदान जाखड़ ने बताया कि पृथ्वीराज नगर विकास समिति में डॉ. महेंद्र भंसाली अध्यक्ष, राजेंद्र बजारी उपाध्यक्ष, मुकेश दवे सचिव, मुकेश चौपड़ा कोषाध्यक्ष, महेश चंद्र त्यागी, महावीर सिंह सोढ़ा एवं श्रेयांश भंसाली कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध घोषित किए गए।

# पोकाराम जीनगर समाज के अध्यक्ष बने



जालोर में जीनगर समाज की बैठक आयोजित हुई। फोटो राष्ट्रदूत

**जालोर**, 7 अक्टूबर(कासं)। जीनगर समाज जालोर की आम बैठक रविवार शाम 5 बजे गोडीजी जीनगर न्याति नोहरा में आयोजित हुई। जिसमें पोकाराम जीनगर को सर्व सहमति से अध्यक्ष मनोनित किया गया।

आम बैठक में जीनगर समाज जालोर के लोगो ने भाग लिया। जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष पद के लिए पोकाराम सोंलकी अतिरिक्त विकास अधिकारी को चुना गया। वही सचिव पद के लिए तेजाराम बालौत राजस्थ्व इंस्पेक्टर, कोषाध्यक्ष पद पर मदनलाल सोंलकी सहायक लेखाधिकारी प्रथम, सहकोषाध्यक्ष पद पर महेन्द्र गुजर तथा संरक्षक पद इंदाराम सोनगरा एलआईसी विकास अधिकारी को मनोनयन किया गया। साथ ही जीनगर युवा विकास समिति जालोर के अध्यक्ष पद पर कैलाश सोनगरा छात्रावास अधीक्षक ग्रेड द्वितीय को सर्व सहमति से मनोनयन किया गया। दोनो मनोनयन अध्यक्षों द्वारा कार्यकारिणी गठन व विस्तार आगामी बैठक में किया जायेगा।

इस अवसर पर महेन्द्र सोनगरा, जीवाराम सोलकी, दिनेश बालौत, लुम्बाराम, पारस सोलकी. अर्जुन जीनगर, रमेश गहलोत, रतनलाल सोनगरा, ओम प्रकाश चौहान, मुकेश चौहान, विष्णु सोनगरा, प्रवीण सोलकी, नरपत सोलकी, प्रदीप परमार, प्रदीप सोलकी, राजकुमार चौहान, शान्तिलाल सोलकी, फाउलाल जी, संताराम जी. रमेश गहलोत, लालाराम, महेन्द्र सोलकी, बाबुलाल, छगनलाल के साथ सैकडो समाज के गणमान्य समाज बंधु व महिलाओ ने अपनी भागीदारी के साथ उपस्थिति दी।

## कई स्थानों से दुपहिया वाहन चोरी, केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। शहर में वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से पांच गाडिय़ों को चुरा लिया।

राजीव गांधी नगर थाना पुलिस ने बताया कि नाहर सिंह नगर निवासी महेन्द्र सिंह पुत्र गुलाब सिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें पुलिस को बताया कि वह चौपासनी तिलवाडिय़ा फांटा पर आया था। जहां से उसकी बाइक कोई चुरा ले गया। इसी तरह प्रतापनगर थाने में दी रिपोर्ट में बालाजी कॉलोनी टीवी टॉवर दूसरा मोड मसूरिया निवासी पवन प्रजापत पुत्र कन्हैयालाल प्रजापत ने पुलिस को बताया कि 6 अक्टूबर को जूना खेड़ापति मंदिर के सामने खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया। जबकि देवनगर पुलिस ने बताया कि रामद्वारा मोती चौक के रहने वाले सिराज खान पुत्र अब्दुल शकूर ने रिपोर्ट दी।

इसमें बताया कि अज्ञात व्यक्ति माई खदीजा ्स्पताल रिसर्च सेंटर पाल लिंक रोड पर खड़ी उसकी बाइक चोरी हो गई। वहीं सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि बीजेएस गली नंबर 9 निवासी महावीर सिंह पुत्र सुमेद सिंह अपने मेडिकल कार्य के लिए मेडिकल मार्केट जालोरी गेट आया था। जहां मार्केट से कोई उसकी बाइक को चुरा ले गया।


उदयमंदिर पुलिस थाने में लावाला बास मथानिया निवासी शैतान सिंह पुत्र झूमरलाल सैन की गाड़ी एमजीएच रोड कांग्रेस कार्यालय के निकट से चोरी हो जाने का मामला आयो।

# संयुक्त निदेशक प्रारंभिक शिक्षा ने स्कूलों का निरीक्षण किया

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान प्रारंभिक शिक्षा बीकानेर संयुक्त निदेशक टीमाराम मीणा ने सोमवार को जालोर जिले के विभिन्न विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए शारदीय नवरात्र की शुभ बेला में जिले में प्रारंभ हुए कन्या पूजन की शुभकामना देते हुए कन्या पूजन को पुण्य का कार्य बताया।

आज के इस आधुनिकता वाले समय में आध्यात्मिक रूप को बढावा देने के लिए तथा कन्याओं को शक्ति स्वरूपा की मान्यता के इस प्रयास की सराहना की। जिला सहित प्रदेश भर में इस कार्यक्रम की आवश्यकता बताते हुए बालिकाओं को शारदा शक्ति और लक्ष्मी के रूप में स्वीकार करने की बात कही। संयुक्त निदेशक मीणा ने आहोर ब्लॉक के पादरली, थुंबा, चांदराई मंडला और बिदूडा के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियां वृक्षारोपण शाला दर्पण कार्य और विद्यालय में बालकों के शैक्षणिक स्तर की गहनता से जांच की। सोमवार को मिड डे मील की व्यवस्थाओं के तहत फल वितरण का भी जायजा लिया।

साथ ही जालोर ब्लॉक के सेदारिया कुंपावतान राउप्रावि में कन्या पूजन के कार्यक्रम में शरीक होकर शिक्षा विभाग के स्टाफ को सम्बलन प्रदान किया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय थुंबा में संस्था



जालोर के कई विद्यालयों का निरीक्षण संयुक्त निदेशक शिक्षा टीकाराम मीणा ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रधान सुरजीतसिंह बिना प्रार्थना पत्र के अनुपस्थित तथा उपस्थिति पंजिका में खाली कॉलम, शारीरिक शिक्षक विक्रम पाण्डया की नियमित अनुपस्थिति सहित विभिन्न अनियमितता को लेकर पीईईओ मोहनाराम से जानकारी प्राप्त करते हुए सुधार के लिए सख्त कार्य निर्देश प्रदान किया। वही जालोर ब्लॉक के विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति को लेकर सीबीईओ किस्तुराराम बामनिया से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा जालोर के अध्यक्ष कृष्णपालसिंह सामूजा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणपतसिंह मंडलावत में मीणा का स्वागत कर स्थाईकरण, एसीपी, एमडीएम मानदेय, प्रतिनियुक्ति सहित शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित वार्ता कर समस्या समाधान के लिए सहयोग की मांग की। जिस पर उचित समाधान का विश्वास दिलाया।

दुर्जन सिंह वीरेंदि्संह सुरजकुमार जशोदा रोना शर्मा शशिबाला नरपतसिंह जगदीश चारण राजश्री बालोत ज्योति गौर मोहनराम राणावत अनोपसिंह सरिता सरित कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## 18300 से अधिक लोगों ने भरे नेत्रदान संकल्प पत्र

**पाली**,(नि.सं)। ज्ञातव्य है, तेरापंथ धर्म संघ के ग्यारहवें आचार्य महाश्रमण जी की आध्यात्मिक प्रेरणा से अभातेयुप अपने सेवा- संस्कार- संगठन जैसे त्रिआयामी उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए सेवारत है।

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा ने सेवा के उपक्रम "नेत्रदान" की विस्तरित जानकारी देते हुए बताया कि अभातेयुप द्वारा नेत्रदान के क्षेत्र में पूरे भारत और नेपाल में अपनी 363 शाखा के माध्यम से अब तक 1850 से भी ज्यादा लोगों का मृत्युपरांत नेत्रदान करवाया जा चुका है। विदित हो एक व्यक्ति के नेत्रदान से अधीकत्म चार अंधकारमय जीवन रोशन हो सकते हैं। अभातेयुप के महामंत्री श्री अमित नाहटा ने इस अभियान में स्थानीय शाखा परिषद् की जागरूकता व परिवारजनों की उत्कृष्ट भावना के प्रति साधुवाद प्रकट किया और लोगों को अभातेयुप के इस अभियान में सहयोग का आ ान किया। अभातेयुप के 60 साल पूरे होने पर नेत्रदान के क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। अभातेयुप षष्ठीपूर्ति के संयोजक एवं अभातेयुप उपाध्यक्ष पवन मांडोत ने बताया कि पूरे देश और नेपाल की 363 पारिषद लगातार 22 दिनों तक नेत्रदान पर "विजन फॉर विजन लेस " नामक अभियान के अंतर्गत देश और नेपाल के कई हिस्सों में नेत्रदान जागरूकता हेतु सेमिनार रैली, संकल्प पत्र, मोटिवेशनल वीडियो, आदि माध्यमों से जनमानस में जागरूकता फैलाई गई। लगभग 18300 से भी अधिक लोगो ने मरणोरांत नेत्रदान की भावना जताते हुए संकल्प पत्र भरे। नेत्रदान के राष्ट्रीय नेतृत्व एव देश और नेपाल की शाखाओं से संपर्क कार्य कर इस कार्य को गति प्रदान कर रहे है।

## सूने मकान में चोरों ने लगाई सेंध

**जोधपुर**, (कासं)। फलोदी जिले के बाप थाना क्षेत्र में मकान में चोरी का मामला सामने आया है। घटना के समय मकान में रहने वाले लोग जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के लिए बाहर गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोर मकान से सोने चांदी के आभूषण, महंगे कैमरे और अन्य कीमती सामान चुरा कर ले गए।

अल्लागपन पुत्र पलानीअप्पन ने बताया कि वह एलएनटी कंपनी में काम करते हैं। 4 अक्टूबर की रात में उनके किराए के मकान का ताला तोड़कर चोर सोने चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान चुरा कर ले गए। घटना के समय परिवार के लोग जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के लिए गए थे।

# जोधपुर में निवेश बढ़ाने के लिए जे.डी.ए. की बैठक हुई



जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ( मध्य )ने अधिकारियों की बैठक ली।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण में राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2024 के अन्तर्गत जोधपुर शहर में निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना में प्राधिकरण की महत्ती भूमिका के मद्देनजर संबंधित विभागों के अधिकारीगण के साथ-साथ जोधपुर शहर के उद्योगपतियों एवं निवेशकों के साथ जोधपुर शहर में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की।

बैठक में प्राधिकरण सचिव भागीरथ विश्नोई, निदेशक आयोजना महेन्द्र चैधरी, उपायुक्त जयपाल सिंह राठौड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्योगपति एवं निवेशक मौजूद रहे। प्राधिकरण उपायुक्त एवं बैठक के समन्वयक जयपाल सिंह राठौड ने बताया कि इन्वेस्टमेंट समिट राज्य सरकार का महत्वकांक्षी कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन के निर्देशन में जोधपुर जिले में अधिकाधिक निवेश के लिए औद्योगिक ईकाईयों की नवस्थापित करने, उद्यमी को प्रोत्साहित करने के लिए जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जेडीसी उत्साह चैधरी के निर्देशन में संभावित निवेशकों को जिले में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने एवं उनकी आवश्यकताओं को समझने के लिए स्थापित उद्योगपतियों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ इन्वेस्टमेंट मीट का सफल आयोजन किया गया।

सार-समाचार

## आहोर में गंदे पानी से लोग परेशान

**आहोर**, (निसं)। आहोर शहर के वार्ड नंबर एक में वर्षो से स्थित गंदे पानी का नाडा यहां के वाशिंदों में संक्रमण फैला रहा है। नतीजतन यहां के लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त हो चुके हैं। आहोर शहर के दलित नेताओं ने आज क्षैत्रीय विधायक छगनसिंह राजपुरोहित से मुलाकात कर इस गंदे नाडे की समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। भाजपा के एससी मोर्चा के अध्यक्ष कानाराम दमामी की अगुवाई में भाजपा मंडल महामंत्री हिम्मताराम मेघवाल, लक्ष्मण मेघवाल व कांग्रेस नेता उदयराज मेघवाल सहित कई दलित पदाधिकारियों ने विधायक छगनसिंह राजपुरोहित को ज्ञापन सौंपकर समस्या को जल्द निपटाने का अनुरोध किया। इन नेताओं ने कहा कि इस गंदे नाडे के आसपास दलित बस्ती आई हुई है। गंदे नाडे से अक्सर सं मण फैलता है जिससे यहां के कई लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त हो चुके हैं। हालात इतने विकट हो गए हैं कि यहां के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। इस गंदे नाडे के पास राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भी आया हुआ है। छोटे बच्चे स्कूल जाते समय गंदे पानी के नाडे में हादसे के शिकार हो जाते हैं। समस्या को लेकर पिछले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भी यहां के मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया था। उस वक्त प्रशासन ने समस्या के जल्द निवारण का आश्वासन दिया था, लेकिन समस्या अभी भी जस की तस बनी हुई है। भाजपा नेता शंकरदान चारण ने भी समस्या को गंभीर बताते हुए विधायक से निराकरण की मांग की है। विधायक राजपुरोहित ने समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर आयोजित

**पोकरण**, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेतोलाई की राष्ट्रीय सेवा योजना स्तर की इकाई का द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गयो। शिविर की शुरूआत प्रार्थना सभा से हुई तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी व्याख्याता श्रवण कुमार ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और उनके प्रमुख कर्तव्य की जानकारी दी । स्वयं सेवकों ने विद्यालय परिसर की साफ सफाई कर विद्यालय के पीछे विज्ञान लेब व प्रार्थना सभा के आस पास उगे खरपतवार व बबूल को काट कर मैदान को स्वच्छ बनाया तथा मैदान में लगे पेडों को पानी दिया। शिविराधीपति प्रधानाचार्य विष्णु कुमार छंगाणी ने स्वभाव स्वच्छता तथा संस्कार स्वच्छता के बारे में विस्तार से बताते हुवे कहा कि दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व को समझते हुवे हमें स्वच्छता को स्थायी आदत के रूप में अपनाना होगा। व्याख्याता सुमेर नाथ ने पर्यावरण सुरक्षा पर वार्ता दी। अशोक विश्नोई ने मौसमी बीमारियों पर वार्ता प्रस्तुत की । शिविर के समापन सत्र में शारीरिक शिक्षा प्रभारी व्याख्याता महिपाल ने सभी विद्यार्थियों को स्थानीय खेलो की जानकारी दी तथा खेल खेलने के लिए प्रेरित करते हुवे कहा कि आज के इंटरनेट व मोबाइल के युग में लोग शारीरिक गतिविधियों के खेल भूल गए।अंत में सभी स्वयं सेवकों को पोष्टिक आहार दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में मूलचंद सेन, कौशल्या चावरियां, सविता विश्नोई, मनोज जोशी, तेजप्रकास, सुनील व सुखराम ने सहयोग प्रदान किया ।

## सरपंच के खिलाफ क्रमिक अनशन

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण उपखंड की सबसे धनी ग्राम पंचायत नाचना सरपंच द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान विकास कार्यों में किए गए भ्रष्टाचार की जांच को लेकर नाचना के ग्रामीणों का क्रमिक अनशन सोमवार को भी जारी जांच नही होने पर शीघ्र ही इसको आमरण अनशन में बदलने कि चेतावनी दी है। क्रमिक अनशन पर बैठे ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में बताया कि सरपंच ने अपने कार्यकाल के दौरान जो भी कार्य करवाए है। उसमे खुलकर भ्रष्टाचार किया है। जिसको जांच को लेकर गत माह ग्रामीणों ने 29 दिन तक धरना प्रदर्शन किया था तथा प्रशासन के साथ समझौता होने पर धरना स्थगित कर दिया था। लेकिन न तो कोई जांच हुई न कार्यो का भौतिक सत्यापन इसको लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए पुनः धरने पर बैठ गए, जो लगातार आठ दिन गांधीवादी तरीके से चलने के बाद ग्रामीणों ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को कस्बे के अन्य ग्रामीणों को भी धरना स्थल पर आमंत्रित किए गए है। उसमे आमरण अनशन शुरू करने पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा। धरने पर नरपतसिंह, ओमप्रकाश, तेजसिंह, चंदन जयपाल, संतोष सोडिया, महेंद्र सिंह, जगमाल सिंह,शहजाद शेख मुकेश गर्ग, प्रेम जी गर्ग,आदि ग्रामीण जन धरना स्थल पर मौजूद रहे।

## मंत्रालयिक कामिकों ने ज्ञापन दिया

**पाली**, (नि.सं.)। शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ पाली के पदाधिकारियों ने सीबीईओ रानी में कार्यरत आर.पी. आसाराम मीणा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारम्भिक कार्यालय के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुनील कुमार को मोबाईल द्वारा अशोभनीय, अश्लील भाषा के साथ धमकी देने पर सोमवार को कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर जिलाध्यक्ष मुकेश बोहरा के निर्देशन में संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा मण्डल पाली को ज्ञापन सौपां। मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि सीबीईओ रानी में कार्यरत आर.पी. आसाराम मीणा द्वारा डीईओ प्रारम्भिक कार्यालय के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुनील कुमार को मोबाईल द्वारा अशोभनीय, अश्लील भाषा के साथ धमकी दी गई । जिससे मंत्रालयिक संवर्ग क्रोध मे है। ऐसे मे यदि उक्त कार्मिक के खिलाफ कठोर कार्यवाही नही की गई तो संघ की ओर से व्यापक स्तर पर धरना प्रर्दषन किया जाएगा। इस अवसर हरिप्रसाद, मदनगोपाल, हेमंत जोशी, मनीष शर्मा, हेमंत ओझा, दिनेश गिरी, देवेन्द्र रूणवाल, राजेश माथुर, ओमप्रकाश परमार, राहुल परमार, नीरजा शर्मा, वीणा शर्मा, अनुज दवे, विनोद शर्मा, नवीन जैन, योगेश त्रिवेदी, किशोर ललवानी, सुरेन्द्र शर्मा, इमरान, अरविंद, मुकेश मेवाड़ा, रक्षित, महेन्द्र, विकास, अनीता, कृष्णकांत, विशाल, सुल्तान, कुलदीप जोशी सहित कई कार्मिक मौजूद रहे।

## 1 किलो 200 ग्राम अफीम का दूध बरामद

**बाड़मेर**, (निसं)। अवैध मादक पदार्थो की धडपकड के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन भौकाल के तहत जिला डीएसटी टीम व थाना सदर बाडमेर टीम द्वारा बडी कार्यवाही करते हुए 1 आरोपी को दस्तयाब कर 1 किलो दो सौ ग्राम अफिम का दूध जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि मुलजिम महेन्द्र कुमार पुत्र बाबुलाल जाति माली निवासी घोनरी नाडी रामसर कुंआ के रहवासी घर पर दबिश देकर अफिम का दूध जब्त किया गया है। पूछताछ पर मादक पदार्थ जगदीश जाट पुत्र लेहरीलाल निवासी बोरखेडी निम्बाहेडा चितोडगढ से खरीदना बताया। जिस पर जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक चितोडगढ को सूचना दी गई। चितोडगढ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अफिम दूध सप्लायर आरोपी जगदीश जाट पुत्र लेहरीलाल निवासी बोरखेडी निम्बाहेडा चितो?गढ को दस्तयाब करने मे सफलता हासिल की गई है। इस कार्यवाही मे डीएसटी टीम के कांस्टेबल मालाराम की विशेष भूमिका रही है। इस कार्यवाही के सम्बन्ध मे पुलिस थाना सदर बाडमेर एनडीपीएस एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

## कई जगह बिजली बाधित रहेगी आज

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुड़ामालानी में मंगलवार को 132 केवी में मरम्मत कार्य होने के कारण 8 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक 33 केवी फीडर भेडाना, गादेवी, सिंघासन हरनियान व नवा पुरा तथा शो 33/11 सब स्टेशनों जुडे समस्त उपभोक्ता की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी 33 केवी सब-स्टेशन गुडामालानी से निकलने वाले फीडर नगर, लुणावा व बांड से बुडे समस्त उपभोक्ताओं की भी विद्युत सप्लाई बंद रहेगी । यह जानकारी विद्युत विभाग के अधिकारी देवेन्द्र कच्छवाहा ने दी।

## मदनसिंह आर्य की पुण्यतिथि आज

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान आर्य वीर दल के संस्थापक व राज्ये में बॉक्सिंग व जिम्नास्टिक के जन्मदाता कर्मयोगी मदन सिंह आर्य की 39वीं पुण्यतिथि पर आर्य वीर दल एवं आर्य समाज द्वारा 8 अक्टूम्बर को यज्ञ व प्रेरणा सभा का आयोजन शाम 5 बजे पुरानी सब्जी मंडी स्थित आर्य वीर दल , वीरम व्यायामशाला मे उन्हे याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। यह जानकारी आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्णकुमार ने दी।

## गर्ग का जालोर जिले का दौरा आज

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे। प्राप्त कार्यक्रमानुसार मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सोमवार को सायं 5 बजे जयपुर से प्रस्थान कर रात्रि 11.30 बजे जालोर पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस जालोर में करेंगे तथा वे मंगलवार को जालोर जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।